# CONTINUOUS LEARNING PROCESS(CLP)

पुस्तक-वसंत भाग-1(साहित्य)

CLASS-VI

रचना-प्रसून 6(व्याकरण)

Hindi

| S.No. | Month | Chapter | Learning Outcome |
|---|---|---|---|
| 1. | April | (साहित्य)<br>पाठ-1 वह चिड़िया जो (कविता)<br>(व्याकरण )<br>पाठ-1भाषा,व्याकरण तथा लिपि<br>पाठ-2 वर्ण-विचार | •कविता के माध्यम से बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम व रक्षा का भाव विकसित होगा।<br>•सृजनात्मक व रचनात्मक क्षमता का विकास होगा ।<br>•मौलिक रूप से कविता लेखन व वाचन की वृत्ति का उदय होगा ।<br>•भाषा ज्ञान द्‌वारा भावों को अभिव्यक्त करने की क्षमता का विकास होगा ।<br>•भाषा की वर्तनी के सर्वमान्य रूप से परिचित होंगे ।<br>•वर्णों के उच्चारण स्थान,ध्वन्यात्मक स्वरूप के सही प्रयोग से अवगत होंगे ।<br>•अनुस्वार,अनुनासिक व विसर्ग के प्रयोग से शब्दों में होने वाले अर्थ के अंतर को समझेंगे। |
| 2. | May | (साहित्य)<br>पाठ-2 बचपन (संस्मरण)<br>(व्याकरण)<br>पाठ-4 शब्द-रचना:उपसर्ग और प्रत्यय<br>पाठ-6 शब्द-रचना:संधि (स्वर संधि-दीर्घ व गुण ) | •बचपन कहानी के माध्यम से बच्चे अपने बचपन से जुड़ें स्थानों तथा वस्तुओं से जुड़ाव अनुभव करेंगे ।<br>•कहानी-लेखन व कहानी-कथन की क्षमता का विकास होगा ।<br>•आधुनिक हिंदी के शब्दों के साथ ही तत्सम,तद्‌भव व विदेशी शब्दों से परिचित होंगे ।<br>•स्थान,घटना व स्थितियों का वर्णन करने की क्षमता का विकास होगा ।<br>•उपसर्ग व प्रत्यय के अध्ययन से बच्चे नव शब्द निर्माण की प्रक्रिया सीखेंगे ।<br>•उपसर्ग व प्रत्ययों को मूल शब्दों में जोड़कर विलोम शब्द,भाववाचक संज्ञा शब्द आदि बनाने की समझ विकसित होगी ।<br>•संधि के माध्यम से नव शब्द निर्माण की प्रक्रिया की समझ विकसित होगी ।<br>•रचनात्मक कौशल का विकास होगा । |
| 3. | July | (साहित्य )<br>पाठ-3 नादान दोस्त (कहानी)<br>(व्याकरण )<br>पाठ-7 शब्द-भंडार<br>पाठ-8 संज्ञा<br>पाठ-9 संज्ञा के विकारी तत्व | •नादान दोस्त पाठ से बाल-मन की संवेदना,निश्छल प्रेम व जीव-जंतुओं के प्रति जिज्ञासा आदि भाव विकसित होगा ।<br>•कहानी-कथन व लेखन कौशल का विकास होगा ।<br>•विलोम शब्द,पर्यायवाची शब्द,एकार्थी व अनेकार्थी शब्दों को याद कर अपने शब्द कोश में वृद्‌धि करेंगे ।<br>•अर्थ पूर्ण शब्दों का महत्व समझ सकेंगे ।<br>•संज्ञा के माध्यम से शब्दों में भाव,जाति व नाम के अंतर को समझेंगे ।<br>•संज्ञा शब्दों में परिवर्तन के कारणों को जानेंगे ।<br>•भाषा को शुद्‌ध रूप से लिखना-बोलना सीखेंगे । |
| 4. | August | (साहित्य )<br>पाठ-13 मैं सबसे छोटी होऊँ (कविता)<br>(व्याकरण)<br>पाठ-17 मुहावरे व लोकोक्तियाँ<br>पाठ-18 पत्र-लेखन<br>पाठ-20 कहानी-लेखन | •मैं सबसे छोटी होऊँ पाठ से कल्पनाशीलता व भावाभिव्यक्ति का विकास होगा ।<br>•हिंदी के खड़ीबोली रूप से व काव्यगत लय-ताल से परिचित होंगे ।<br>•मुहावरे व लोकोक्ति के ज्ञान से भाषा में रोचकता, कम शब्दों में पूर्ण भावाभिव्यक्ति होगी।<br>•लिखित रूप में भावाभिव्यक्ति की योग्यता का विकास पत्र-लेखन की समझ से होगा।<br>•कहानी-लेखन पाठ से रचनात्मक व सृजनात्मक क्षमता का विकास होगा ।<br>•कहानी के विषय के अनुसार शब्द चयन की योग्यता का विकास होगा । |
| 5. | September | (व्याकरण )<br>पाठ-21 अपठित गद्‌यांश<br>पाठ-23 अनुच्छेद-लेखन<br>Rivision work | •पूर्व ज्ञान के आधार पर और प्रस्तुत विषय के अनुरूप प्रश्नों के उत्तर देना सीखेंगे।<br>•अनदेखी स्थितियों को हल करने की क्षमता विकसित होगी ।<br>•अनुच्छेद-लेखन के ज्ञान से अनेक विषयों व घटनाओं को मौखिक-लिखित रूप में अभिव्यक्त कर सकेंगे ।<br>•लेखन क्षमता का विकास होगा । |
| 6. | October | व्याकरण<br>पाठ-3 शब्द-विचार<br>पाठ-10 सर्वनाम<br>पाठ-11 विशेषण | •शब्द-विचार पाठ से शब्दों की निर्माण प्रक्रिया को समझेंगे ।<br>•शब्द के प्रकार व भेद (अंतर )को समझेंगे ।<br>•नाम के स्थान पर प्रयोग होने वाले शब्दों को सर्वनाम पाठ के माध्यम से जानेंगे ।<br>•सर्वनाम शब्दों के सही प्रयोग से भावाभिव्यक्ति में स्पष्टता व शुद्‌धता ला सकेंगे।<br>•भिन्न-भिन्न विशेषण शब्दों को जानेंगे ।<br>•विशेषण शब्दों के प्रयोग से भाषा में सुंदरता,रोचकता,सजीवता व स्पष्टता ला सकेंगे । |
| 7. | November | (साहित्य )<br>पाठ-7 साथी हाथ बढ़ाना (गीत)<br>(व्याकरण )<br>पाठ-12 क्रिया<br>पाठ-13 काल<br>पाठ-16 विराम-चिह्न | •साथी हाथ बढ़ाना पाठ से जागरुकता व सहयोग की भावना विकसित होगी ।<br>•संगीतात्मक प्रवृत्ति व श्रवण-वाचन कौशल का विकास होगा ।<br>•क्रिया के विभिन्न रूपों,भेदों व वाक्य में उनके प्रयोग -स्थान को जानेंगे ।<br>•क्रिया के सही प्रयोग से भाषा में स्पष्टता व सजीवता ला सकेंगे ।<br>•वाक्य में काल के प्रयोग के अंतर को समझेंगे ।<br>•भावाभिव्यक्ति में,भाषा के शुद्‌ध लेखन में योग्यता का विकास होगा ।<br>•विराम-चिह्नों के सही प्रयोग से उचित भावाभिव्यक्ति,उचित भाषा प्रवाह की समझ विकसित होगी । |
| 8. | December | (साहित्य )<br>पाठ-15 नौकर (निबन्ध)<br>(व्याकरण ) | •नौकर पाठ के माध्यम से नैतिक व मानवीय मूल्यों का विकास होगा।<br>•पाठ में वर्णित गाँधी जी के चरित्र से प्रेरणा पाकर कर्म और सेवा को जीवन का मूलमंत्र समझेंगे । |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | पाठ-19 ई.मेल<br>पाठ-22 अपठित पद्यांश | •नई विधा को समझकर,चित्र या संदेश कंप्यूटर के माध्यम से भेजना सीखेंगे ।<br>•आधुनिक परिवेश में सकारात्मक बदलाव के रूप में कंप्यूटर का महत्व समझेंगे।<br>•काव्य में निहित अर्थ समझकर,प्रश्न के अनुरूप उत्तर देने की क्षमता का विकास होगा।<br>•समस्या-समाधान कौशल का विकास होगा । |
| 9. | January | (साहित्य)<br>पाठ-16 वन के मार्ग में (कविता)<br>(व्याकरण)<br>पाठ-24 निबन्ध-लेखन<br>Rivision work | •वन के मार्ग में पाठ के माध्यम से संगीतात्मकता,रचनात्मकता व भावाभिव्यक्ति का विकास होगा ।<br>•अवधी भाषा के शब्दों के अर्थ जानकर,शब्द-भंडार में वृद्धि होगी ।<br>•अध्ययनशीलता,मौलिकता,रचनात्मकता,उत्सुकता आदि गुणों का विकास कर सकेंगे।<br>•भाषा/अनुभवों का सृजनात्मक प्रयोग करना सीखेंगे ।<br>•विस्मृत ज्ञान का उदय होगा । |